SSC CGL 2017 COMBO PACK
120 TOTAL TESTS ₹787/-
testbook

# Important Current Affairs 16th October 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 15th October 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the **Important Current Affairs 16th October 2017** in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 16th October 2017 in Hindi

- **'लिटिल मिस वर्ल्ड' में पूर्वी को पुरस्कार**
  - ग्रीस में आयोजित 'लिटिल मिस वर्ल्ड 2017' प्रतियोगिता में 12 वर्षीय भारतीय बालिका पूर्वी जी.बी. को 'सर्वश्रेष्ठ परफ़ॉर्मर' उपशीर्षक से सम्मानित किया गया|
  - पूर्वी जी.बी., अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता और प्रतिभा प्रतियोगिता में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बच्ची बन गयी है|
  - इस आयोजन में, पूर्वी जी.बी. ने कथक नृत्य पेश किया और कर्नाटक की समृद्ध संस्कृति का भी प्रदर्शन किया|
- **टी.एम. कृष्णा को इंदिरा गांधी पुरस्कार**
  - गायक टी.एम. कृष्णा को 2015 और 2016 के 30वें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
MAINS TEST PACK
15 FULL TESTS
₹353/-
testbook

- टी.एम. कृष्णा को देश में राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने और संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया है|
- कृष्णा, भारतीय शास्त्रीय संगीत की कर्नाटक परंपरा में एक प्रख्यात गायक हैं और एक कार्यकर्ता रहे हैं| इन्होनें समाज में जाति-बाधाओं को तोड़ने के लिए काम किया है|

- **एशिया के शीर्ष 10 में 'इंडियन एक्सेंट'**
  - नई दिल्ली स्थित 'इंडियन एक्सेंट' रेस्तरां को 'ट्रिप एडवाइज़र ट्रैवेलर्स चॉइस अवार्ड्स 2017' में एशिया ट्रैवेलर्स चॉइस में शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ रेस्तरां में शामिल किया गया है|
  - 'इंडियन एक्सेंट' ने एशिया में शीर्ष 10 रेस्तरां में दूसरा स्थान हासिल किया है|
  - इसे वैश्विक सामग्रियों और तकनीकों के साथ भारतीय जायके को शामिल करके अभिनव व्यंजनों को पेश करने के लिए जाना जाता है|

- **अबू धाबी बाजारों और यस बैंक में भागीदारी**
  - संयुक्त अरब अमीरात और भारत के फाइनटेक पारिस्थितिकी प्रणालियों के बीच क्रॉस-बॉर्डर एक्सचेंज को प्रोत्साहित करने के लिए यस बैंक और अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं|
  - यह सहयोग, मध्य पूर्व क्षेत्र और भारत से फिनटेक नवोन्मेषकों को यस फाइनटेक कार्यक्रमों और ADGM की नियामक प्रयोगशाला में आवेदन करने के लिए सक्षम करेगा|
  - उन्हें एक दूसरे के बाजारों में विस्तार करने का अवसर मिलेगा|

- **यूनियन बैंक ने की द्विभाषी ऐप की शुरुआत**
  - यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कस्टमर-फेसिंग बैंकिंग सेवाओं को डिजिटाइज करने की अपनी योजना के तहत एक एंड्रॉइड ऐप, 'यूनियन सहयोग' शुरू किया है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

  - यूनियन सहयोग एप्लिकेशन द्विभाषी है और अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है|
  - डिजिटल इंडिया के भारत के लक्ष्य के अनुरूप तैयार किये गए यूनियन सहयोग के शुभारंभ के बाद ग्राहक के हाथों में काफी सुविधाएँ होंगी|
- **पहला 'नकारात्मक उत्सर्जन' उर्जा संयंत्र**
  - आइसलैंड में दुनिया का पहला 'नकारात्मक उत्सर्जन' उर्जा संयंत्र शुरू हो गया| इस संदर्भ में नकारात्मक उत्सर्जन का अर्थ है कि यह ऊर्जा संयंत्र उत्पादन की तुलना में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को समाप्त करता है|
  - इस उपलब्धि को क्लाइमवार्क नामक जलवायु-स्टार्टअप द्वारा आइसलैंड में एक भूतापीय संयंत्र को रीफिट करके पूरा किया गया है|
  - इस उर्जा संयंत्र में, एयर फिल्टर, परिवेश वायु से $CO_2$ को कैप्चर करता है|
- **विश्व खाद्य दिवस**
  - विश्व खाद्य दिवस, वैश्विक भूख से निपटने के लिए समर्पित एक दिवसीय आयोजन है|
  - हर वर्ष 16 अक्टूबर को आयोजित इस दिन को, दुनियाभर के लोग एक साथ मिलकर दुनिया भर में भूख को हमेशा के लिए समाप्त करने की प्रतिबद्धता घोषित करने के लिए इकट्ठा होते हैं|
  - यह भूख से पीड़ित लोगों और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने की आवश्यकता के लिए जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देता है|
- **ऑनलाइन 'मोशन' स्वीकार करने वाला पहला राज्य**
  - राजस्थान, राज्य विधानसभा विधायकों से ऑनलाइन अटेंशन और स्थगन मोशन स्वीकार करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

IBPS PO 2017
MAINS TEST PACK
15 FULL TESTS
₹353/-
testbook

  - राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष कैलाश मेघवाल द्वारा नई ऑनलाइन प्रणाली का उद्घाटन किया गया|
  - नयी ऑनलाइन प्रणाली, संबंधित विभागों के बीच सूचनाओं और रिपोर्टों के आसान आदान-प्रदान में सहायता करेगी|

- **फेडरर ने जीता शंघाई मास्टर्स**
  - रोजर फेडरर ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-4, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीत लिया|
  - यह रोजर फेडरर के कैरियर का 94वां खिताब है और ओपन एरा खिताब के संदर्भ में इवान लैंडल के रिकॉर्ड को बराबर है| अमेरिकी खिलाड़ी, जिमी कॉनॉर शीर्ष 109 कैरियर खिताब के साथ शीर्ष पर हैं|
  - राफेल नडाल ने हाल ही में चीन ओपन और US ओपन जीता और अब पुरुष-टेनिस में नंबर एक रैंक पर हैं|

- **सरकारी शिपयार्ड ने किया 12,000 करोड़ रुपये का सौदा**
  - नौसेना को 16 एंटी-पनडुब्बी युद्धपोत (ASW) की आपूर्ति के लिए सरकारी शिपयार्ड ने 12,000 करोड़ रुपये का सौदा अपने नाम कर लिया|
  - यह प्रतिस्पर्धी बोलियों वाला हाल के दिनों में तीसरा ओपन टेंडर सौदा है जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को प्राप्त हुआ|
  - प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत, सरकारी शिपयार्ड, युद्धपोत निर्माण में अपने निजी क्षेत्र के प्रतिद्वंद्वियों से आगे बढ़ रहे हैं|

- **मध्यप्रदेश में 'वाटर कार्निवल'**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मध्यप्रदेश को देश में जल पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा|
- चौहान ने 2 जनवरी तक आयोजित होने वाले, ढाई महीने लम्बे 'वाटर कार्निवल' का उद्घाटन किया|
- राज्य के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में हनुवंतिया द्वीप पर कार्निवल का आयोजन किया जाएगा|

- **प्रणब मुखर्जी ने किया अपनी नई पुस्तक का विमोचन**
  - प्रणब मुखर्जी ने अपनी नई पुस्तक "द कोएलिशन इयर्स" का विमोचन किया|
  - "द कोएलिशन इयर्स" की शुरुआत 1996 से होती है और इसमें उतार-चढ़ाव के साथ देश के राजनीतिक इतिहास में सबसे अधिक चिंतित कालों में से एक के सोलह वर्ष का वर्णन किया गया है|
  - यह भारत में व्यापक शासन का एक व्यावहारिक लेखा है|
- **रिचर्ड विलबर की 96 वर्ष की आयु में मृत्यु**
  - पुलित्जर पुरस्कार विजेता कवि और अनुवादक रिचर्ड विलबर का निधन हो गया| वे 96 वर्ष के थे|
  - वे छंद संस्करणों, मॉलियर के कारण पाठकों और थियेटरप्रेमियों की पीढ़ियों में लोकप्रिय थे|
  - उन्होंने कई साहित्यिक सम्मान प्राप्त किए, जिनमें, 1956 में विमोचित "थिंग्स ऑफ़ दिस वर्ल्ड", और 1989 में आई "न्यू एंड कलेक्टेड पोयम्स" के लिए 'नेशनल बुक अवार्ड्स' और दो पुलित्जर प्राइज शामिल हैं|
- **लेख टंडन का निधन**



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
MAINS TEST PACK
15 FULL TESTS
₹353/-
testbook

- दिग्गज फिल्म निर्माता लेख टंडन का रविवार को निधन हो गया|
- लेख टंडन को अम्रपाली, अगर तुम न होते, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, स्वदेस, चेन्नई एक्सप्रेस और रंग दे बसंती जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है|
- उन्होंने 1988 में टेलीविजन धारावाहिक दिल दरिया का भी निर्माण किया जिसमें उन्होंने शाहरुख खान को पहली बार पेश किया था|
- लेख टंडन पिछले पांच से छह महीनों से बिस्तर पर थे और उन्हें पाइप के माध्यम से खिलाया जा रहा था|

- **टीममेट के साथ टकराव में च्यूरुल की मौत**
  - एक साथी के साथ एक पिच पर टकराव के बाद इंडोनेशियाई गोलकीपर च्यूरुल हुडा का निधन हो गया|
  - पर्सेला लामोंगन कीपर, हुडा, रामन रॉड्रिक्स के घुटने से चोट लगने के बाद घायल हो गए|
  - हुडा, 1999 से टीम का हिस्सा रहे हैं और क्लब के लिए 503 बार खेल चुके हैं| उन्होंने टीम के साथ लगभग 18 वर्ष बिताए हैं|

- **आज होगा INS किल्टन का शुभारम्भ**
  - INS किल्टन को रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय नौसेना डॉकयार्ड में तैनात किया जाएगा|
  - यह एक स्वदेश-निर्मित पनडुब्बी-विरोधी युद्ध स्टील्थ- कार्वेट है|
  - यह, "परियोजना 28" के तहत निर्मित चार कमोर्ता-श्रेणी के कार्वेटों का तीसरा हिस्सा है|
  - इस जहाज का नाम, लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीपों में स्थित अमिनिडीवी ग्रुप में से एक द्वीप के नाम पर रखा गया है|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

SSC CGL 2017
COMBO PACK
120 TOTAL TESTS
₹787/-
testbook

- **कृषि सुधार पर कार्य कर रहा है निति आयोग**
    - 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए, संघीय थिंक टैंक, निती आयोग, राज्यों के साथ कृषि बाजार सुधारों का पहला समूह अपनाने के लिए काम कर रहा है|
    - इसमें निजी निवेश को बढ़ावा देने के अलावा अनुबंध खेती, ऑनलाइन स्पॉट और फ्यूचर ट्रेडिंग शामिल हैं|
    - नीती आयोग अनिवार्य रूप से राज्य और सरकार का एक सलाहकार निकाय और थिंक-टैंक है|
- **नकली GST का पता लगाएगा तेलंगाना का ऐप**
    - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT -हैदराबाद) ने GST गणना की समस्या के लिए प्रौद्योगिकी समाधान पेश किया है|
    - तेलंगाना के वाणिज्यिक कर विभाग के लिए संस्थान ने एक ऐप, tGST विकसित किया है|
    - बिल की एक तस्वीर लेकर उसे ऐप पर अपलोड करने पर यह आपको यह बतायेगा कि आपके द्वारा दिया गया GST सरकार के पास पहुँच रहा है या नहीं|
- **केरल शुरू करेगा 'हेल्थ फॉर ऑल' अभियान**
    - केरल सरकार, साक्षरता में अपनी सफलता के बाद, 'हेल्थ इज़ वेल्थ' कहावत को गंभीरता से लेते हुए एक 100% स्वस्थ राज्य बनने की योजना बना रही है|
    - राज्य नव वर्ष के दिन 'कायिका क्षमता मिशन' (भौतिक सहनशक्ति मिशन) की शुरुआत करेगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

IBPS PO 2017
MAINS TEST PACK
15 FULL TESTS
₹353/-
testbook

- यह नर्सरी के छात्रों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी के स्वास्थ्य कल्याण पर केंद्रित होगा|

- **भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार की बातचीत**
  - भारत और यूरोपीय संघ एक मुक्त व्यापार संधि के लिए स्थगित वार्ता को पुन: आरंभ करने पर शीघ्र ही बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हैं|
  - भारत, निवेश समझौते को प्राथमिकता देने जैसी पूर्व-शर्तों के पक्ष में नहीं है, जिसपर 29 सदस्यीय दल ने पहले जोर दिया था|
  - यूरोपीय संघ भारत का नंबर एक व्यापार साझीदार है, जहाँ निर्यात 2006 में 24.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2016 में 37.8 अरब डॉलर हो गया है|

Attempt Current Affair Quiz for 16th October 2017



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play